अतारांकित प्रश्न संख्या 1153
27 जुलाई, 2016 को उत्तर के लिए

ब्रिटेन के यूरोपीयन यूनियन से बाहर निकलने के निर्णय का भारतीय इस्पात उद्योग पर प्रभाव

1153. **श्री दिलीप कुमार तिर्की:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि ब्रिटेन के यूरोपीयन यूनियन से बाहर निकलने के निर्णय से यह आशंका पैदा हो गई है कि इससे भारतीय इस्पात उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस नकारात्मक प्रभाव को दूर करने के लिए क्या प्रारंभिक कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): सरकार को ऐसी किसी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है जो यह दर्शाती हो कि ब्रिटेन के यूरोपीयन यूनियन से बाहर निकलने से यह आशंका पैदा हो गई है कि इससे भारतीय इस्पात उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

(ख) और (ग): उपरोक्त (क) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

***